web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union
Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 04 सितंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 336

# मुख्यमंत्री बघेल ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का किया शुभारंभ

## पौने चार साल में 6 नए जिले बने, जनता और प्रशासन के बीच की दूरी हुई कम -मुख्यमंत्री भूपेश बघेल





**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज सारंगढ़ के खेल भांठा मैदान में आयोजित विशाल समारोह में राज्य के 30 वें जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ का शुभारंभ किया। उन्होंने नए जिले में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए 540 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात भी दी। उन्होंने सारंगढ़-बिलाईगढ़ के नए जिले के रूप में अस्तित्व में आने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम करने के लिए पिछले 4 साल में 6 नए जिले बनाए हैं। इससे जनता को काफी सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा की कई दशकों के लगातार संघर्ष के बाद सारंगढ़ अलग जिला बन पाया है। जिले के निर्माण के संघर्ष में कई पीढ़ियों ने योगदान दिया। उन्होंने कहा कि सारंगढ़ को जिला बनाने में बिलाईगढ़ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। बिलाईगढ़ वासियों की सहमति से ही सारंगढ़ जिला बन पाया है। बघेल ने कहा कि सारंगढ़ शुरू से मानव जाति की सभ्यता का केन्द्र रहा है। कई शक्तिपीठों के साथ ही बाबा घासीदास जी के प्रति आस्था रखने वालों की बहुलता है। सारंगढ़ का दशहरा उत्सव भी बस्तर दशहरा की तरह विख्यात है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा की कलेक्टर, एसपी के बाद अन्य जिला स्तरीय कार्यालय भी जल्द खुलेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा की पिछले 4 सालों में प्रदेश में सर्वांगीण विकास के काम हुए हैं। धान खरीदी के संबंध में की गई घोषणा पर हम अटल है। हर साल खरीदी मूल्य बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गत 4 साल में धान बेचने वाले किसानों की संख्या 11 लाख बढ़ी है। अब लगभग 26 लाख किसान धान बेच रहे हैं। सरकार की नीति से सभी किसान एवं ग्रामीण खुश हैं। खेतों में फसल लहलहा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 150 करोड़ रुपए की गोबर खरीदी की जा चुकी है। गोबर के बाद अब गोमूत्र की खरीदी भी गोठानो से हो चुकी है। इन सबके असर से जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है। तेंदूपत्ता की 4 हजार प्रति मानक बोरे में खरीदी के साथ ही 65 प्रकार के लघु वनोपजों की सरकारी खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में पिछले 4 सालों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। गोठान रोजगार के महत्वपूर्ण केन्द्र बने हैं। इन सबके परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य बन गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में 279 आत्मानंद स्कूल खुल चुके हैं। 422 और नए स्कूल खोलने की कार्ययोजना पर काम चल रही है। अंग्रेजी माध्यम के कॉलेज भी खोले गए हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए चार साल में 4 नए मेडिकल कॉलेज भी खोले हैं। हॉट-बाजार क्लीनिक के साथ लोगों को धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स से सस्ती दवाइयां भी मुहैया करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनता के जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए मदद करने को हम रेवड़ी बांटना नहीं मानते। लोकतंत्र में यह हमारा कर्तव्य है।

सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में आयोजित समारोह की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री एवं रायगढ़ के प्रभारी डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने की। समारोह को उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े एवं विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक ने संबोधित करते हुए नए जिले निर्माण पर जिले की जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर रायगढ़ रानू साहू ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए नए जिले की विशेषताओं से अवगत कराया। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू, विधायक रामकुमार यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, राकेश वर्मा सहित मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अतिरिक्त मुख्य सचिव सुब्रत साहू, संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग, आईजी रतनलाल डांगी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### यूपी : मिर्जापुर में अनियंत्रित कार ने बाइक को मारी टक्कर, चार की मौत

**सहारनपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के मिर्जापुर थाना क्षेत्र में बीती देर शाम अनियंत्रित कार के एक बाइक में टक्कर मारने की घटना में चार लोगों की घटनास्थल मौत हो गई ,जबकि 9 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल मे इलाज चल रहा है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि एक कार बेहट थाना क्षेत्र के गांव शेखपुरा ननौली निवासी कुछ मजदूरों को लेकर हिमाचल प्रदेश जा रही थी। शुक्रवार की देर शाम ढाबा गांव के पास सामने से आ रही एक बाइक को अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बाइक को टक्कर मारने के बाद सडक़ किनारे गड्ढे में पलट गई। मिर्जापुर के थाना प्रभारी (एसएचओ) हृदय नारायण सिंह ने बताया कि इस दुर्घटना में घटनास्थल पर ही 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 9 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अमित (22), बुरहान (24), शामिर (21)और तनवीर (22) के रूप में की गई है। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

### रफ्तार बनी काल : 80 लाख की बीएमडब्लू भी नहीं बचा सकी जान, वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त

**नोएडा (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेस वे आज सुबह एक भीषण सडक़ हादसा हुआ जिसमें एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और हवा में पलटी खाते हुई 20 फुट नीचे जा गिरी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। हादसा इतना भयानक था कि बीएमडब्ल्यू कार के परखच्चे उड़ गए। कार में एयरबैग भी लगे थे लेकिन फिर भी युवक की जान चली गई। मृतक हरियाणा के रहने वाला है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार, हरियाणा नंबर की एक कार में भरत और गौरव नाम के दो लोग बीएमडब्ल्यू कार से नोएडा की तरफ से आगरा के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे 11 किलोमीटर पर अनियंत्रित हो गई। इसके बाद कार एक्सप्रेस-वे से नीचे जा गिरी। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। जो बीएमडब्ल्यू कार हादसे का शिकार हुई है उसकी कीमत 80 लाख रुपए बताई जा रही है। हादसा इतना भयानक था कि इतनी अच्छी गाड़ी होने के बावजूद शख्स की जान नहीं बच सकी।

### ज्ञानवापी के बाद जामा मस्जिद में महादेव मंदिर होने का दावा, कोर्ट में 9 सितंबर को सुनवाई

**बदायूं (आरएनएस)।** ज्ञानवापी के बाद अब यूपी के बदायूं जिले की जामा मस्जिद को महादेव का मंदिर होने का दावा किया गया है। इस मस्जिद में नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा करते हुए सिविल कोर्ट में एक याचिका दायर कर दी गई थी। इस याचिका को सिविल कोर्ट ने सुनवाई की मंजूरी भी दे दी है। सुनवाई के लिए 9 सितंबर 2022 की तारीख तय की गई है, जबकि मस्जिद की इंतजामिया कमेटी को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया गया है। जानकारी के अनुसार, हिंदू महासभा की याचिका में यह दावा किया गया है कि बदायूं का जामा मस्जिद कभी एक हिंदू राजा का किला था। इसमें यह दावा किया गया है कि इस मस्जिद की मौजूदा संरचना नीलकंठ महादेव के एक प्राचीन मंदिर को तोडक़र बनाई गई है।

# यूपी के मेरठ में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का पदार्फाश



**मेरठ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में पुलिस ने एक अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री पर छापेमारी की। छापेमारी में 5 देसी बंदूक समेत भारी मात्रा में 11 देसी पिस्टल बनाने के उपकरण जप्त किए गए हैं। पुलिस की तरफ से ये जानकारी शनिवार को साझा की गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) केशव कुमार ने बताया कि शुक्रवार को मेरठ पुलिस ने खुफिया अभियान के तहत जिले में हथियारों के निर्माण और आपूर्ति में शामिल दो हथियार आपूर्तिकर्ताओं की गिरफ्तारी के साथ में एक देसी हथियार बनाने वाली एक अवैध फैक्टी पर छापा मारा। इस कार्रवाई में 5 देसी बंदूक और उसे बनाने वाले उपकरणों को भारी मात्रा में बरामद किया गया है। ये सभी उपकरण देसी बंदूकों को बनाने में इस्तेमाल किया जाता था।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान किठौर थाना क्षेत्र के राधना गांव के रहने वाले फकीरा और साबू के रूप मे हुई।

एसपी ने बताया कि अभियुक्तों ने पुलिस पुछताछ मे जुर्म कूबल किया है और हथियारों की आपूर्ति ऑन डिमांड पर तैयार कर 5 से 7 हजार मे मेरठ के अलावा गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर और हापुड़ जिले में सप्लाई किए जाते हैं।

जानकारी के मुताबिक, परीक्षित गढ़ थाना पुलिस ने खुफिया सूचना पर गांव पुठी में घर के अंदर चल रही तमंचा फैक्ट्री पकड़ी है। स्थानीय पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# देवघर एयरपोर्ट की सुरक्षा में बड़ी चूक, बीजेपी सांसद निशिकांत, मनोज तिवारी समेत 9 पर एफआईआर



**देवघर (आरएनएस)।** झारखंड के देवघर एयरपोर्ट की सुरक्षा में चूक के मामले में गोड्डा से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी समेत 9 लोगों के खिलाफ कुंडा पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। एयरपोर्ट के डीएसपी सुमन आनन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। इनके उपर देवघर से टेक-ऑफ के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के बिल्डिंग में जबरन घुसकर मंजूरी लेने का आरोप लगा है। सुरक्षा प्रभारी सुमन आनंद की शिकायत पर एक सितंबर को कुंडा पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें कहा गया कि इन लोगों ने एटीसी ऑफिस में घुसकर करके सभी 'सुरक्षा मानकों' का उल्लंघन किया और अधिकारियों पर उड़ान भरने की मंजूरी के लिए दबाव डाला। कुंडा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि शिकायत के बाद दोनों सांसदों निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी और हवाई अड्डे के निदेशक सहित नौ लोगों पर आईपीसी की धारा 336 (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य), 447 (आपराधिक अतिचार के लिए सजा), 448 (घर के लिए सजा) के तहत मामला दर्ज किया गया।

दरअसल सांसद डॉ. निशिकांत दुबे औऱ मनोज तिवारी विवाद में घिर गए हैं। यह मामला झारखंड में एयरपोर्ट की सुरक्षा में सेंध लगाने से जुड़ा है। बता दें कि सांसद डॉ। निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी औऱ कपिल मिश्रा समेत कई लोग पेट्रोल अटैक में मृतक अंकिता के परिजनों से मिलने दुमका पहुंचे थे। इस दौरान सांसद चार्टर्ड प्लेन से देवघर के हवाई अड्डे पर उतरे थे। इस दौरान सांसद के साथ उनके दोनों बेटे भी शामिल थे।

दुमका से लौटने के बाद सांसद वापस लौटन के लिए शाम करीब 5.30 बजे एयरपोर्ट पहुंचे और चार्टर प्लेन में बैठ गए वहीं देवघर एयरपोर्ट एटीसी ने उड़ान भरने की इजाजत नहीं दी। आरोप है कि इसके बाद पायलट के साथ सांसद निशिकांत दुबे, उनके दोनो बेटे, सांसद मनोज तिवारी, सुनील तिवारी, ये सभी लोग जबरन एटीसी की बिल्डिंग में घुसकर अधिकारियों से जबरदस्ती क्लियरेंस लिया और दिल्ली के लिए उड़ गए। देवघर डीसी ने प्रधान सचिव, कैबिनेट-समन्वय (नागरिक उड्डयन), झारखंड को दो सितंबर को लिखे पत्र में पूरा मामला बताया है।

# चीनी लोन एप मामले में ईडी की बड़ी कार्यवाई, पेटीएम, रेजरपे और कैशफ्री के ठिकानों पर मारे छापे




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने चीनी ऋण ऐप धोखाधड़ी मामले की जांच के सिलसिले में बेंगलुरु में छह अलग-अलग स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है।

सूत्रों के अनुसार, वित्तीय जांच एजेंसी ने पेटीएम, रेजरपे और कैशफ्री से जुड़े परिसरों पर छापा मारा, सभी भुगतान गेटवे, जो कथित तौर पर चीनी स्वामित्व वाली फर्मों द्वारा अनधिकृत रूप से चलाए जा रहे ऋण ऐप पर लेनदेन की सुविधा प्रदान करते थे।

ईडी अधिकारी ने बताया, तलाशी अभियान के दौरान, यह देखा गया कि उक्त संस्थाएं भुगतान गेटवे/बैंकों के पास रखे गए विभिन्न मर्चेंट आईडी/खातों के माध्यम से अपराध की आय अर्जित कर रही थीं। वे एमसीए की वेबसाइट/पंजीकृत पते पर दिए गए पतों से भी काम नहीं कर रही थीं। इन चीनी स्वामित्व वाली संस्थाओं के मर्चेंट आईडी और बैंक खातों में 17 करोड़ रुपये की राशि जब्त की गई है। अधिकारी ने कहा कि यह ईडी के संज्ञान में आया है कि उक्त संस्थाएं विभिन्न मर्चेंट आईडी/पेमेंट गेटवे/बैंकों के साथ रखे गए खातों के माध्यम से कारोबार कर रही थीं।

इस बीच, रेजरपे के प्रवक्ता ने कहा, हमारे कुछ व्यापारियों की करीब डेढ़ साल पहले कानून प्रवर्तन द्वारा जांच की जा रही थी। चल रही जांच के हिस्से के रूप में, अधिकारियों ने जांच में मदद करने के लिए अतिरिक्त जानकारी का अनुरोध किया। हमने पूरी तरह से सहयोग किया है और केवाईसी और अन्य विवरण साझा किए हैं। अधिकारी हमारी उचित परिश्रम प्रक्रिया से संतुष्ट थे।

यह मामला बेंगलुरू में साइबर अपराध पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज की गई 18 प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें उन संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे मोबाइल ऐप के माध्यम से छोटी राशि का ऋण लेने वाले जनता के जबरन वसूली और उत्पीडऩ में शामिल होने के संबंध में कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

ईडी के एक अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान, यह सामने आया कि इन संस्थाओं को चीनी व्यक्तियों द्वारा संचालित किया गया था। इन संस्थाओं के तौर-तरीके भारतीयों के जाली दस्तावेजों का उपयोग कर रहे थे और उन्हें उन संस्थाओं के नकली निदेशक बना रहे थे। सूत्रों ने बताया कि तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

# बिहार में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे से संबंधित याचिका पर हुई सुनवाई

- **दिल्ली और पटना के वरिष्ठ अधिवक्ताओं की टीम ने की पहल, याचिका पर उच्च न्यायालय की खण्डपीठ ने की सुनवाई**
- **उच्च न्यायालय की खण्डपीठ ने केंद्र व राज्य सरकार से 10 दिनों में स्थिति स्पष्ट करने को कहा**

**पटना ( आरएनएस ) ।** पटना उच्च न्यायालय ने बिहार में हवाई अड्डों के विकास और ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण पर अपनी राय देते हुए राज्य और केंद्र सरकार से इस संदर्भ में 10 दिनों में अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा है। पटना उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल के समक्ष दायर जनहित याचिका की सुनवाई चल रही है। 31 अगस्त को हुई सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति संजय करोल की खण्डपीठ ने सरकार से सवाल करते हुए पुछा कि क्या भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने बिहार में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण से संबंधित कोई प्रतिवेदन समर्पित किया है ? इस पर सरकार से मंशा जाहिर करने के साथ-साथ यह भी टिप्पणी की कि सुविधा संपन्न यात्रा संवैधानिक अधिकार है फिर बिहार को इससे वंचित क्यों किया जा रहा है। इस संदर्भ में खण्डपीठ ने उच्चतम न्यायालय के कई निर्णयों का भी उल्लेख किया और सरकार से यह पुछा है कि क्या सारण में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा का निर्माण कराया जा सकता है ?

जनहित याचिका की तरफ से अधिवक्ता सह सारण लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजीव प्रताप रुडी के साथ उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ताओं की पूरी टीम है जिसमें सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह, वरीय अधिवक्ता जितेंद्र सिंह, राजीव सिंह, वरुण सिंह, अधिवक्ता संकेत है।

# कोयला तस्करी घोटाला : अभिषेक बनर्जी की तीन कंपनियां ईडी जांच के दायरे में

**कोलकाता (आरएनएस)।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की तीन कंपनियां पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के कोयला तस्करी घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में हैं। इन कंपनियों के नाम लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड, लीप्स एंड बाउंड्स इंफ्रा कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड और लीप्स एंड बाउंड्स मैनेजमेंट सर्विसेज एलएलपी है। इन कंपनियों ने जांच एजेंसी का ध्यान तब आकर्षित किया जब जांच एजेंसी ने फंड के कुछ ट्रांसफर का पता लगाया।

लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड और लीप्स एंड बाउंड्स इंफ्रा कंसल्टेंट्स में अभिषेक बनर्जी के माता-पिता अमित और लता बनर्जी निदेशक हैं।

लीप्स एंड बाउंड्स मैनेजमेंट सर्विसेज एलएलपी, जो एक पार्टनरशिप फर्म है, इसमें अमित और लता बनर्जी नामित भागीदार हैं। इन तीनों संस्थाओं का एक ही पंजीकृत पता पी-733, ब्लॉक-पी, न्यू अलीपुर कोलकाता, पश्चिम बंगाल-700053 है।

ईडी के सूत्रों ने कहा कि घोटाले के प्रमुख कोयला सरगना अनूप मांझी उर्फ लाला के स्वामित्व वाली एक रियल एस्टेट कंपनी से लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड के खाते में मुख्य रूप से 4.37 करोड़ रुपये की बड़ी राशि ट्रांसफर की गई थी।

एजेंसी के अधिकारी इन तीनों कंपनियों के खातों की जांच कर रहे हैं, ताकि इसी तरह के फर्जी लेनदेन या फंड ट्रांसफर का पता लगाया जा सके। कॉरपोरेट मामलों के केंद्रीय मंत्रालय के तहत रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) के रिकॉर्ड के अनुसार, 2014 के लोकसभा चुनावों से पहले, अभिषेक बनर्जी खुद लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों में से एक थे।

# ब्रिटेन से आगे निकला भारत, महामारी को मात देकर बना विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना महामारी को मात देकर भारत की अर्थव्यवस्था ने तेज गति से अपना विस्तार किया है। भारत अब ब्रिटेन को पछाडक़र दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। ब्रिटेन पांचवें पायदान से फिसलकर छठे नंबर पर पहुंच गया है। ब्रिटेन इस वक्त जीवन-यापन की लागत बढऩे की वजह से मुश्किल दौर से गुजर रहा है। ऐसे में उसका छठे नंबर पर फिसलना वहां कि सरकार के लिए बड़ा झटका है। कभी ब्रिटिश उपनिवेश रहा भारत 2021 के आखिरी तीन महीनों में ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।

गणना अमेरिकी डॉलर के आधार पर की गई है। इसके अलावा अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़े अनुसार, जीडीपी के आंकड़ों के आधार पर भारत ने पहली तिमाही में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है।

आर्थिक मोर्चे पर ब्रिटेन का फिसलना वहां की आने वाली नई सरकार के लिए जोरदार झटका होगा। ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी के सदस्य जल्द ही प्रधानमंत्री चुनेंगे। ऐसे में नई सरकार के लिए महंगाई और सुस्त अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती होगी। दूसरी तरफ एक्सपर्ट्स का मानना है कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारतीय इकोनॉमी की विकास दर 7 फीसदी से अधिक रह सकती है।

अगर भारत और ब्रिटेन की इकोनॉमी को डॉलर में देखें, तो आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार, मार्च की तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था 854।7 अरब डॉलर थी। वहीं, ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 816 अरब डॉलर थी। आंकड़े बता रहे हैं कि भले ही दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं मंदी और महंगाई की मार से परेशान हों, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था तमाम चुनौतियों के बाद भी तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है।

इस सप्ताह जारी पहली तिमाही के जीडीपी के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 13।5 फीसदी की शानदार दर से वृद्धि की। तमाम अनुमान भी भारत से इसी तरह के आंकड़े की उम्मीद कर रहे थे। जून तिमाही के दौरान अमेरिकी जीडीपी में 0।6 फीसदी की गिरावट आई। इससे पहले मार्च तिमाही में अमेरिकी इकोनॉमी का साइज 1।6 फीसदी कम हो गया था।

इससे पहले वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4।1 फीसदी की दर से बढ़ा था। पूरे वित्त वर्ष की बात करें तो 2021-22 के दौरान जीडीपी की ग्रोथ रेट 8।7 फीसदी रही थी। नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस के आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 तिमाही में भारतीय इकोनॉमी की ग्रोथ रेट 13।5 फीसदी रही।